**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**21** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वृंदावन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया लोकार्पण। कहा– स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिये निरंतर ठोस कदम उठा रही है सरकार।
- उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपी टीईटी–दो हजार छब्बीस का विज्ञापन जारी। सत्ताईस मार्च से छब्बीस अप्रैल तक किया जा सकेगा आवेदन।
- प्रदेश भर में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है सद्भाव और भाईचारे का त्योहार ईद। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी त्योहार की बधाई।
- प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा और बारिश का सिलसिला जारी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा असमय बारिश से फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर किसानों को राहत पहुंचायें अधिकारी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल उत्तर प्रदेश दौरे के दूसरे दिन वृंदावन में प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। इसके बाद राष्ट्रपति ने वृंदावन में बाबा नीब करौली आश्रम में दर्शन पूजन किया और रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार आज स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

**केंद्र सरकार देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रहे हैं। आयुष्मान भारत जैसे ऐतिहासिक योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के इलाज को भी कवर किया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है।**

राष्ट्रपति ने वृंदावन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए कहा कि यहां की पावन धरा केवल एक भू–भाग नहीं, बल्कि दिव्यता और भक्ति का जीवंत अनुभव है।

**वृंदावन की पावन धरा केवल एक भूभाग नहीं है बल्कि दिव्यता और भक्ति का जीवंत अनुभव है। यह वही पवित्र भूमि है जिसने सदियों से संतों और भक्तों को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करती आ रही है।**

राष्ट्रपति ने कल शाम वात्सल्य ग्राम का भी दौरा किया। वह आज गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ ही पारंपरिक गोवर्धन परिक्रमा करेंगी।

**********

केन्द्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। नई दिल्ली में कल पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में उपभोक्ताओं को 11 हजार 300 टन व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति की गई है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और खुदरा दुकानों पर एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

***एलपीजी वॉर के चलते स्थिति अभी भी चिन्ताजनक बनी हुई है। किन्तु हमारे डिस्ट्रिब्यूटर्स पर कोई ड्राईआउट रिपोर्टेड नहीं है। ऑलमोस्ट 93 परसेंट ऑफ द बुकिंग इज ऑनलाइन। पैनिक बुकिंग में काफी रिडक्शन है, और कल हमें लगभग 55 लाख रिफिल बुकिंग की रिक्वेस्ट रिसीव हुई है। एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी नार्मल है।***

सुश्री शर्मा ने बताया कि प्रीमियम पेट्रोल की दरों में मामूली वृद्धि हुई है जबकि सामान्य पेट्रोल की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

**********

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपी टीईटी–दो हजार छब्बीस का विज्ञापन जारी कर दिया है। प्राथमिक स्तर पर कक्षा से पांच एवं उच्च प्राथमिक स्तर कक्षा छः से आठ की परीक्षा के लिये आयोग की वेबसाइट–यूपीईएसएससी डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर विज्ञापन देखा जा सकता है। आयोग ने ऑनलाइन आवेदन के लिये वन टाइम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर अनिवार्य किया है। सत्ताइस मार्च से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे जिसकी अन्तिम तिथि छब्बीस अप्रैल निर्धारित है। परीक्षा दो, तीन एवं चार जुलाई को होगी। पहली बार शिक्षा सेवा चयन आयोग यूपीटीईटी करायेगा। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह के अनुसार ओटीआर पूर्ण होने के बाद ही अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के बाद उसमें संशोधन एक मई तक किये जा सकेंगे।

**********

प्रदेश के उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया है कि शीतगृहों को अमोनिया गैस की सप्लाई का आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कुछ कारणों से राज्य के शीतगृहों को उर्वरक कंपनियों ने अमोनिया गैस की सप्लाई रोक दी थी, जिससे किसानों के सामने संकट आ गया था।

**********

सद्भाव और भाइचारे का त्योहार ईद आज प्रदेश भर में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। ईद के चांद का ऐलान होते ही कल देर रात तक बाजारों में चहल–पहल बनी रही। ईद के मौके पर सभी मस्जिदों और ईदगाहों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद के त्योहार की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि ईद–उल–फित्र का त्योहार खुशी और मेल–मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही, आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन–चैन और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

**********

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन प्रस्तावित है। इस एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में एक मल्टी–मॉडल कार्गो हब के साथ किया जा रहा है। पहले चरण में एक रन–वे और एक टर्मिनल के साथ एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा। जेवर से विधायक धीरेन्द्र सिंह ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया है।

***आने वाला समय जो 28 मार्च का है, जिस दिन देश के प्रधानमंत्री दोबारा जेवर की सरजमी पर तशरीफ ला रहे हैं, वह दिन ऐतिहासिक होगा और जेवर उस उड़ान तक पहुंचेगा जिसकी कभी हमने भी कल्पना नहीं की थी।***

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण कार्य करीब साढ़े चार वर्षों में पूरा हुआ है। इस एयरपोर्ट की वार्षिक क्षमता लगभग एक करोड़ बीस लाख यात्रियों की होगी। एक रिपोर्ट–

***पूरा प्रोजेक्ट तैयार होने पर जेवर एयरपोर्ट पर 5 रनवे होंगे और यह करीब 11 हजार 750 एकड़ में फैला होगा। पहले चरण में एक 3,900 मीटर लम्बा रनवे, 1.38 लाख वर्गमीटर की टर्मिनल बिल्डिंग, 10 एरो ब्रिज, 9 इमिग्रेशन काउंटर और 28 एयरक्राफ्ट स्टैंड तैयार हो गए हैं। इस एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। 48 चेक इन काउंटर, नौ सिक्योरिटी लेंस, 19 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। एयरपोर्ट पर लगी सेल्फ बैगेज मशीन एक घंटे में 100 से अधिक यात्रियों के बैगेज को हैंडल करने में सक्षम है। एयरपोर्ट प्रवेश के दौरान सुरक्षा जांच के लिए 13 सुरक्षा गेट छह एक्सरे मशीनें लगाई गई हैं। विशाल धर दुबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्ध नगर।***

**********

पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल सुबह से शुरू हुयी बारिश और तेज हवा का सिलसिला आज भी जारी है। फसलों को भी नुकसान हुआ है। प्रदेश में असमय वर्षा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर राहत पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं फील्ड में निकलकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल कागजी न होकर वास्तविक स्थिति के आधार पर किया जाए, ताकि किसानों को सही और समय पर सहायता मिल सके।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारियों से सीधा संपर्क और समन्वय बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सूचनाएं समय पर एकत्रित कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो।

वहीं, गोरखपुर, संतकबीरनगर, देवरिया, महराजगंज, अयोध्या, कौशाम्बी, अमरोहा, श्रावस्ती, जौनपुर, पीलीभीत, बिजनौर, शामली, फर्रूखाबाद सहित कई जिलों में बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह बदलाव हुआ है, जिसका असर आज भी कुछ जिलों में दिखाई देगा।

**********